हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025

11 मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की बढ़ाई चिंता

12 परीक्षार्थी ने किया पेपर आउट, मामला दर्ज, दो...


## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़ः ट्रांसपोर्टर के साथ ठगी की वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके में धोखाधड़ी, ठगी की वारदात नहीं थम रही। अब जसोरखेड़ी के निवासी एक ट्रांसपोर्टर के साथ वारदात हो गई। यूपी के लिए बस बुकिंग के नाम पर उसको चपत लगाई गई है। उसने पुलिस को शिकायत दे दी है। जसोरखेड़ी के निवासी कर्मबीर का कहना है कि वह पेशे से ट्रांसपोर्टर है। मेरे पास 13 फरवरी को एक कॉल आई। कॉलर ने लखनऊ ले जाने के लिए बस बुकिंग के संबंध में बातचीत की। इसी दौरान मेरे खाते से 90 हजार रुपये निकल गए। आरोपी शातिरों ने धोखाधड़ी से मेरे खाते रुपये निकाले हैं।

### मकान में चोरी की वारदात, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इमली वाली गली में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात नीलम के मकान में हुई है। नीलम का कहना है कि बीती रात को उसके मकान के ऊपरी हिस्से में चोरी हो गई। सुबह करीब छह बजे वह जब ऊपर कमरे में गई तो सामान बिखरा पड़ा था। एक बक्सा खुला था। उसमें रखे 25 हजार रुपये गायब थे।

### सीएम से सभी यूनियनों के साथ बैठक की मांग

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से सभी ट्रेड यूनियनों के साथ मीटिंग कर समस्याओं के हल की मांग उठाई है। संगठन के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट व सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने कहा कि खबरों से मालूम हुआ है कि मुख्यमंत्री एक मार्च को केवल एक ट्रेड यूनियन से वार्ता करने जा रहे हैं।

### चुनाव में जीत के बाद विजेताओं ने साथियों के साथ मनाया जश्न

# दीपक गोयल दूसरी बार बने झज्जर बार एसोसिएशन के प्रधान व बहादुरगढ़ में रविन छिल्लर के सिर ताज

झज्जर और बहादुरगढ़ में बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। मतदान खत्म होने के बाद ही वोटों की गिनती शुरू हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को हुए झज्जर बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ता दीपक गोयल को लगातार दूसरी बार प्रधान चुना गया। दीपक गोयल ने अपने प्रतिद्वंदी अधिवक्ता अजय डागर को 83 वोटों से हराया। दीपक गोयल को जहां 366 वोट मिले वहीं अजय डगर को 283 मत प्राप्त हुए। जबकि उप प्रधान पद पर अधिवक्ता कर्मवीर सिवाच ने जीत दर्ज की। उन्होंने अधिवक्ता संजय काहड़ी को 247 वोटों के बड़े अंतराल से हराया। दीपक गोयल के दूसरी बार प्रधान चुने जाने पर साथी अधिवक्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। बता दें कि झज्जर बार एसोसिएशन में कुल 1064 सदस्य है, जिनमें से 954 ने अपने मत का प्रयोग किया।


दीपक गोयल।

- **दीपक ने प्रतिद्वंदी अजय डागर को 83 वोटों से हराया**


झज्जर। दीपक गोयल के दूसरी बार प्रधान चुने जाने पर जश्न मनाते हुए साथी अधिवक्ता।

### रिजल्ट 2025-26

| | |
|---|---|
| कुल वोट | 1064 |
| कुल वोट पोल | 954 |
| **प्रधान : दीपक गोयल 366 : मत 83 से जीत** | |
| अजय डागर | 283 |
| अजित सोलंकी | 197 |
| भावेश यादव | 50 |
| यशपाल सैनी | 42 |
| कुलभूषण भारद्वाज | 8 |
| **उप-प्रधान : कर्मबीर सिवाच - 598 - 247 से जीत** | |
| संजय काहड़ी | 351 |
| **सचिव : दीपक खत्री : 501- 175 से जीत** | |
| ऋषि अहलावत | 326 |
| बिजेन्द्र रंगा | 117 |
| **सह-सचिव : राहुल - 374 - 3 से जीत** | |
| सुधीर | 371 |
| अजय यादव | 200 |
| **कोषाध्यक्ष : सुमित नारा 519 - 95 से जीत** | |
| रतीश | 424 |


झज्जर। अपने मत का प्रयोग करते हुए अधिवक्ता।


बहादुरगढ़। साथी अधिवक्ताओं संग खुशी का इजतार करते विजेता। फोटो : हरिभूमि

## राकेश उपप्रधान, कपिल सचिव और चिराग खजांची निवार्चित

- **रविन ने अपने प्रतिद्वंदी संदीप गुलिया को 56 वोटों से हराया**

**बहादुरगढ़।** बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। रविन छिल्लर प्रधान पद पर निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी संदीप गुलिया को 56 वोटों से हराया। इसी तरह राकेश उपप्रधान, कपिल सचिव और चिराग खजांची निवार्चित हुए हैं। शुक्रवार की सुबह ही मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी। चार बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी रहा। इसके बाद गिनती शुरू हुई। देर शाम को चुनाव अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित किया गया। दरअसल, प्रधानी के लिए इस दफा संदीप गुलिया, रविन छिल्लर, चांद सिंह, देवेंद्र सिंह आदि अधिवक्ता मैदान में थे। रविन छिल्लर ने 246 वोट प्राप्त कर बार एसोसिएशन की प्रधानी हासिल की। इनके मुकाबले संदीप गुलिया को 190, चांद सिंह को 120 और देवेंद्र लाठर को 128 वोट प्राप्त हुई। दो वोट कैंसिल हुई। इसी तरह सचिव पद पर 353 वोट लेकर कपिल 23 वोटों से विजयी हुए। एडवोकेट तरुण को 330 वोट मिले और तीन वोट कैंसिल हुई। उपप्रधान के लिए सोमबीर सिंह, राकेश चंद्र के बीच सीधी टक्कर थी। एडवोकेट राकेश ने 513 वोट लेकर बड़े मार्जन से जीत हासिल की। कुल तीन वोट कैंसिल हुई और सोमबीर सिंह को 171 वोट प्राप्त हुए। चिराग ने 391 वोट हासिल कर खजांची पद पर जीत हासिल की। उनके मुकाबले पारस को 291 मत प्राप्त हुए। जीत कर अंतर 100 वोटों का रहा और चार वोट कैंसिल हुई। सह सचिव पद पर इंदू राठी पहले ही निर्विरोध चुनी जा चुकी हैं।





घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।



मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   - कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   - कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   - कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   - कोर्स नाम: एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   - कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री :** पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री :** यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम् टेक या एम् इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी) :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान :** पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता :** पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी :** जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो :** जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो :** लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### मॉडल संस्कृति स्कूल में किया हवन

**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में प्राचार्या मंजू रानी द्वारा हवन किया गया। हवन का उद्देश्य शिक्षण संस्थान में कार्य ग्रहण के लिए किया गया। ताकि उनके द्वारा इस संस्था की उन्नति के लिए सभी स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रत्येक क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा सके।

### रोजगार मेले में 65 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट

**झज्जर।** शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एट गुढ़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। संस्थान के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि मेले में आईटीआई पास-आउट और अंतिम वर्ष के 113 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिनमें से 65 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा अप्रेंटिसशिप और रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

### प्रश्नोत्तरी में छात्राओं ने उत्साह से दिए जवाब

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार चरणों में की गई प्रथम चरण में सामान्य साईंस से प्रश्न पूछे गए। दूसरे चरण में प्रोजेक्टर पर तस्वीर दिखाकर तथा तीसरा और चौथा चरण बज़र रहा। इसमें छात्राओं नें बज़र बजाकर बड़ी उत्सुकता के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। इसमें छह टीमों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा, भूमिका व भावना वाली टीम सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सरकारी नौकरी लगने वाले छात्र सम्मानित

**बहादुरगढ़।** विद्यादान महादान सेवा ट्रस्ट का पहला स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व समाज सेवा में सक्रिय लोगों को सम्मानित किया गया। एसीपी प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार, एसएचओ विकास, हरेश व सुनील तथा प्रिंसिपल राखी, डॉ. अतुल लोहिया, कप्तान सिंह आदि ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की।

### सेवानिवृत्ति पर हिंदी प्रवक्ता को दी विदाई

**बहादुरगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कानोंदा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल स्टाफ ने हिंदी प्रवक्ता डॉ. सुनीता देवी को सम्मान पूर्वक विदाई दी। समारोह की अध्यक्षता प्रिंसिपल सरोज देवी ने की। इस अवसर पर शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने सुनीता देवी तथा उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम के दौरान स्वागत गीत, विदाई गीत व नृत्य आदि प्रस्तुत किए।

### 76 साल के बुजुर्ग का हुआ सफल ऑप्रेशन

**बहादुरगढ़।** आरजे अस्पताल में 76 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति का आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत घुटनों का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. अक्षय जैन, डॉ. आशीष नेगी व उनकी टीम ने बुजुर्ग उदय सिंह का घुटने बदलने का सफल ऑपरेशन किया है। झज्जर रोड के निवासी उदय सिंह घुटने के दर्द से काफी परेशान थे।

### दूसरी के विद्यार्थियों के लिए चलेगा निपुण अभियान

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठम माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। खंड संसाधन संयोजक शेर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी क्लस्टर प्रमुखों, एबीआरसी, बीआरपी और चयनित बीस प्राथमिक विद्यालय प्रमुखों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य खंड स्तर पर प्राथमिक शिक्षा के स्तर को उन्नत बनाना और स्कूलों में निपुण हरियाणा से गतिविधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। डॉ. सुदर्शन पुनिया ने बैठक में स्कूल निरीक्षण, अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस और जिले के प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाओं के लिए तैयारी से संबंधित अभियान की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता

- शुक्रवार को बूंदाबांदी के साथ दिन की शुरूआत, शाम को फिर आसमान में छाए बादल, सरसों के लिए नुकसानदायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को भी दिन की शुरूआत हल्की बारिश के साथ हुई। दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा, कभी बूंदाबांदी तो कभी हल्की धूप निकलती रही। सांय ढलने पर एक बार फिर मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए और हल्की बारिश होने लगी। जिसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों का कहना है कि फिलहाल बारिश सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक है। अगर बरसात के साथ ओलावृष्टि या तेज हवाएं चलती है तो गेहूं और सरसों दोनों ही फसलों को नुकसान होगा। उधर, हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ शनिवार को भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।


झज्जर। हल्की बूंदाबांदी के बीच गुजरते हुए वाहन। फोटो: हरिभूमि

## हवा व बूंदाबांदी ने फिर करवाया ठंड का अहसास

- ओलावृष्टि व तेजबारिश फसलों को हो सकता है नुकसान
- अगले तीन दिन तक ऐसे ही बना रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके में मौसम लगातार दूसरे दिन बदला-बदला सा रहा। शुक्रवार को आसमान में बादल छाए रहे। रुक रुक कर बूंदाबांदी का भी दौर जारी रहा। बूंदाबांदी और ठंडी हवा से वातावरण में ठंडक घुल गई। कई दिनों बाद फिर से ठंड का एहसास हुआ। तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि दोपहर के वक्त तेज धूप भी खिली। दरअसल, फरवरी माह में तापमान तेजी से बढ़ रहा था। हालात ये थे कि गत 26 तारीख को अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंच गया। फरवरी में इतनी गर्मी से लोग भी हैरान थे। वहीं किसानों की चिंता भी लगातार बढ़ रही थी। इसी बीच वीरवार को मौसम ने करवट ली। हल्की बूंदाबांदी हुई। शुक्रवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। सुबह ही ठंडी हवा के साथ मौसम में ठंडक घुली हुई थी। सुबह से लेकर दोपहर तक कई बार रुक रुक कर बूंदाबांदी हुई। फिर दोपहर को तेज धूप खिल आई। लेकिन शाम होते होते फिर से मौसम ठंडा हो गया। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों की चिंता थोड़ी दूर हुई है, क्योंकि फरवरी में अधिक गर्मी से फसलों को नुकसान हो रहा था। खैर, यदि तेज हवा या बरसात होती है तो उन्हें नुकसान भी हो सकता है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो दो, तीन दिन ऐसे ही मौसम के आसार हैं। इस तरह का मौसम किसानों के लिए फायदेमंद है। केवल ओलावृष्टि और तेज बरसात से ही नुकसान की आशंका है।

# कैमिस्ट्री की छात्राएं रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक प्रतियोगिता रही जिसमें छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में करीब 40 छात्राओं ने भागीदारी करते हुए विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर नाटक प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉक्टर रचना शर्मा, डॉक्टर अंजू जैन और नीतू शामिल रही। प्रतियोगिता परिणामों में पीरियोडिक टेबल विषय पर नाटक की प्रस्तुति देने वाली एमएससी कैमिस्ट्री की छात्राएं प्रथम रही। मंच का संचालन बीएससी फाइनल की छात्रा रेनू और बीएससी सेकंड इयर की छात्रा चंचल द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने विज्ञान के महत्व पर बल दिया और छात्राओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।


झज्जर। प्रतिभागी छात्राओं के साथ महाविद्यालय प्राचार्या एवं स्टाफ सदस्य।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



**बहादुरगढ़।** गांव छारा में स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय रंग बहार सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल का स्टाफ ने स्वागत किया। सांस्कृतिक आयोजन कमेटी इंचार्ज मंजू मलिक के देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन बच्चों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य, द्वि नृत्य, काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, गीत गायन आदि गतिविधियां हुई। एकल नृत्य में भूपेंद्र ने प्रथम, सेजल ने दूसरा तथा वर्षा ने तीसरा स्थान पाया। भाषण प्रतियोगिता में हिमांशु ने प्रथम, निष्ठा ने दूसरा, भूपेंद्र ने तीसरा स्थान पाया। काव्य पाठ में सोनिया ने पहला, प्रियांशु ने दूसरा ओर पायल ने तीसरा स्थान पाया। इन सभी प्रतियोगिताओं में गीतांजलि, मोनिका ओर डॉ. अश्वनी कुमार ने जज की भूमिका निभाई। डॉ. संजय देशवाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, मोहित, मोनिका, डॉ. जयंत, ज्योति, डॉ. ललिता, अनिल, गीताजंती, श्वेता, मंजू मलिक, विजय, लोकेश, परवीन आदि का भी इस कार्यक्रम में सहयोग रहा।

## क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ लिया भाग



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तरीय ई-क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया। दरअसल, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। यह खोज भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को की गई थी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना, उनमें रुचि और जागरुकता को बढ़ावा देना व आमजन को विज्ञान तथा वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक करती हैं। उनकी जिज्ञासा को बढ़ावा देती हैं और उन्हें वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन साइंस क्लब द्वारा करवाया गया।

### एसआईएएसटीई में राज्यस्तरीय महोत्सव

# विज्ञान और गणित महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एसआईएएसटीई में राज्य स्तरीय विज्ञान और गणित महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से रजिस्ट्रार डॉक्टर कृष्णकांत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल, प्राचार्या डॉक्टर संतोष, कन्वीनर डॉक्टर रीना तक्षक व को-कन्वीनर डॉक्टर रीना फोगाट के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, रंगोली, डिजिटल प्रस्तुति, विज्ञान क्विज और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एसआईएएसटीई गुरुग्राम, एसआईएएसटीई कुरुक्षेत्र, गवर्नमेंट पीजी नेहरू कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज बिरोहड़, नेकीराम कॉलेज रोहतक और जीवीएम कॉलेज सोनीपत के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में रंगोली मेकिंग में सियास्ते गुरुग्राम से महक प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज बिरोहड़ से हैप्पी द्वितीय, सियास्ते झज्जर से यशिका और जीवीएम कॉलेज सोनीपत से मुस्कान ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज से डॉली प्रथम, गवर्नमेंट पीजी नेहरू कॉलेज से अनिल कुमार और सियास्ते कुरुक्षेत्र से इशिका संयुक्त रूप से द्वितीय तथा सियास्ते गुरुग्राम से दीपा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में सियास्ते झज्जर से निशा बिश्नोई प्रथम, सियास्ते गुरुग्राम से साक्षी द्वितीय और सियास्ते कुरुक्षेत्र से काव्या तृतीय रही जबकि जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की कशिश को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साइंस क्विज में सियास्ते झज्जर प्रथम, सियास्ते गुरुग्राम द्वितीय और जीवीएम गर्ल्स कॉलेज तृतीय रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में सियास्ते कुरुक्षेत्र से भावना प्रथम, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत से निहारिका द्वितीय व नेकी राम कॉलेज से नीलम और सियास्ते झज्जर से गीतांजलि ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर कृष्णकांत ने कहा कि विज्ञान और गणित के क्षेत्र में विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।



झज्जर। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए निदेशक ऋषि गोयल। फोटो: हरिभूमि



## बच्चों के आविष्कारों को सराहा

**बहादुरगढ़।** विज्ञान दिवस के मौके पर शुक्रवार को श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल ललिता के मार्गदर्शन में विज्ञान व नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल ललिता ने छात्रों की मेहनत और नवाचार को सराहते हुए कहा कि भविष्य विज्ञान और तकनीक का है। हमारे छात्र इस दिशा में अग्रसर होकर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रदर्शनी को देखने आए अभिभावकों और अतिथियों ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की। सभी ने विज्ञान के क्षेत्र में बच्चों की रुचि और उनके शानदार आविष्कारों की सराहना की। इस आयोजन ने विज्ञान के प्रति छात्रों में जिज्ञासा, नवाचार, आत्मविश्वास को और भी बढ़ावा दिया।

# विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक मॉडल

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम, अतिथियों व शिक्षकों ने किया मॉडलों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सेंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सातवीं से 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विज्ञान संबंधित गतिविधियां की। इस दौरान आयोजित प्रदर्शन में विज्ञान संबंधित मॉडलों का भी प्रदर्शन किया। अतिथियों, शिक्षकों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा को खूब सराहा।

पूर्ण मूर्ति कैंपस सोनीपत से भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. हरेंद्र दहिया ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शिरकत करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य मकसद विज्ञान के प्रति जागरूकता फैलाना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। उन्होंने विद्यार्थियों के सम्मुख रमन प्रभाव के बारे में विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रायोगिक दक्षताओं का विकास करने का आह्वान किया।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

# अब नफे सिंह राठी होगा नजफगढ़ रोड का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के नजफगढ़ रोड का नामकरण पूर्व विधायक स्व. नफे सिंह राठी से होगा। नगर परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया है। शुक्रवार को हुई नप की बैठक में वार्ड 16 की पार्षद ज्योति नरेंद्र राठी ने नजफगढ़ रोड का नाम स्व. नफे सिंह राठी के नाम से रखने का प्रस्ताव रखा था। जिसे सभी बोर्ड मैंबरों ने सहमति जताते हुए सर्वसम्मति से पास किया। बैठक में उन्होंने कहा कि भारत सरकार, हरियाणा सरकार द्वारा मुगल काल व अंग्रेजों के समय से चले आ रहे स्थान व मार्गो के नाम बदलकर विशिष्ठजनों, सामाजिक हस्तियों के नाम पर रखे जा रहे हैं। दिल्ली विधानसभा में भी ऐसे ही एक प्रस्ताव को रखा गया। जिसमें नजफगढ़ का नाम बदल कर नाहरगढ़ रखने की बात कही गई। इसी कड़ी में बहादुरगढ़ के पुराने बस स्टैंड से वाया शिव चौक, बालौर मोड़ होते हुए झाड़ौदा बॉर्डर तक के मार्ग का नाम स्व. नफे सिंह राठी के नाम से रखा जाए। स्व. नफे सिंह राठी इनेलो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे। साथ ही दो बार बहादुरगढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष व दो बार विधायक रहे। इसके अलावा भारतीय शैली कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी देश-विदेश में भारत का नाम रोशन किया।


स्व. नफे सिंह राठी।

### स्वयंसेवकों को बताया योग का महत्व

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों को योग का महत्व समझाते हुए उन्हें योगाभ्यास कराया गया। कोयलपुर स्थित आनंद मठ प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के आचार्य रमेश ने स्वयंसेवको को योग कराते हुए योग से होने वाले अनेक लाभों बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग द्वारा हम अपने स्वास्थ्य से जुड़ी थाईराईड, सिर दर्द, कमर दर्द एवं आंखों से संबंधित समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। सायंकालीन सत्र में इंस्पेक्टर अशोक कुमार व सब इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को फर्स्ट एड, फायर फाईटिंग ट्रेनिंग व फायर डेमोटेशन बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

### 28 विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 में रैंक प्राप्त की

# साइंस ओलंपियाड में पेस के 56 विद्यार्थियों को गोल्ड

- पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नेशनल साइंस ओलंपियाड में पेस संस्थान के 56 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि उनके संस्थान के 28 विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 में रैंक हासिल की। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में तीसरी कक्षा से देवांश, युग, यशु, गतिक वत्स, प्रियांश, रूबी, सिरिशा चौथी से कर्तव्य, ईशान पांचवीं से हविश, छवि, हिमांशी, उर्वी और रुद्र, छठी कक्षा से दिशा गुप्ता, चित्रा, प्राची, आर्यन छिक्कारा, अश्मिता, मानवी, शौर्यवीर व तरंग, सातवीं से इशिका, तनिष्क, अंश राहड, सक्षम, युवराज, ऋषभ, कीर्ति और दिव्या, आठवीं से पहल, सितिका, रियान, इशिका, निखिल, गर्वित, नौंवी से हर्षित, सिद्धांत, यश, भानवी, लक्षिता, हितेश, छाया, गौरव, यश और रितिक, दसवीं से जयंत, नैन्सी, प्रज्ञा, माही, भूमिका, समीक्षा और मानसी, ग्यारहवीं से अभिषेक, रूपेश और सौम्य कादियान ने स्वर्ण पदक जीता। डायरेक्टर जय विकास ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों और उनके विज्ञान शिक्षकों रितु, प्रीति चौहान, हिमांशी, सुप्रिया, किरण, साक्षी, दीपक, सुनील, विनय की मेहनत को दिया है। इस मौके पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, प्रबंध निदेशक हरीश और संदीप, अकादमिक समन्वयक संदीप, विजय राणा और शिल्पा सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। होनहार विद्यार्थी डायरेक्टर जय विकास। फोटो: हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने पौधरोपण के साथ किया समापन

**बहादुरगढ़।** महिला कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप का समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्या अलका गुलाटी रही। अंतिम दिन पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्या, सीनियर स्टाफ सदस्य डॉ. सुदेश व संगीता तथा एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा पौधे लगाए गए। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रस्तुतति से प्रतिभा दिखाई। प्राचार्या ने स्वयंसेविकाओं को समाज से जुड़ने व कैंप में सीखी हुई जानकारी को व्यावहारिक तौर पर जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता ने अतिथियों व स्टाफ का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव बुपनिया में एक युवक को फोन पर धमकी देने और उसके पिता पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बादली थाना प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि देव नाम का एक युवक दिल्ली के किराड़ी क्षेत्र का निवासी है। फिलहाल वह बुपनिया मोड़ पर कहीं जाने की फिराक में है और उसके पास हथियार है।

### ऑनलाइन क्लास को लेकर युवक के साथ धोखाधड़ी

**झज्जर।** क्षेत्र के बिरड़ माजरा में एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन कोर्स के लिए करीब साढ़े पन्द्रह हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित व्यक्ति का कहना है कि उसने बीते वर्ष 19 अगस्त की सुबह करीब पौने दस बजे ऑनलाइन कोर्स सीखने के लिए एक मोबाइल नंबर पर 15 हजार 499 रुपये की राशि ट्रांसफर की थी। इसके बाद आरोपियों द्वारा ना ही तो उसे ऑनलाइन क्लास दी और ना ही उसका फोन उठाया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से डिलीवरी ब्वाय घायल

**झज्जर।** शहर के सांपला मार्ग स्थित जौंधी फ्लाईओवर के नजदीक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर मोटरसाइकिल सवार डिलिवरी ब्वाय को घायल कर दिया। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक निजी कंपनी में कार्य करने वाला डिलीवरी ब्वाय एक खाने का आर्डर देकर गिरावड़ से वापिस शहर की ओर लौट रहा था। पुलिस को दी शिकायत में पलड़ा गांव निवासी सचिन कुमार ने बताया कि वह बीती 26 फरवरी को शहर के एक रेस्टोरेंट से खाने का आर्डर लेकर गिरावड़ के निजी मेडिकल कॉलेज गया था।

### लेबर लेने जा रहे श्रमिकों के साथ मारपीट

**झज्जर।** लुहारी क्षेत्र की एक निजी कंपनी में काम करने वाले श्रमिकों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के देवरिया गांव निवासी रंजीत ने बताया कि वह फिलहाल वजीरपुर गांव में किराए पर रहता है। वह बीती 24 की ढाई बजे जब दोस्त पटौदी के हेड़ाहेड़ी निवासी शंकर के साथ कुलाना से लेबर लाने गया था तो रास्ते में गाड़ी सवार लोगों ने रास्ता रोककर उन पर हथियारों से हमला बोल दिया।

## नगर परिषद की बैठक संपन्न

# सवालों, आरोपों, नाराजगी व बहसबाजी के बाद बजट पास

### सामुदायिक केंद्र संस्थाओं को लीज पर दिए जाने पर पार्षद सहमत नजर नहीं आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की सामान्य बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। सर्वसम्मति के साथ 2025-26 का बजट पास कर दिया गया। बैठक के दौरान कुछ मुद्दों पर तीखी बहस बाजी भी हुई। सामुदायिक भवन लीज पर देने, शामलात जमीन पर पार्षदों ने असहमति जताई। वहीं कुछ चौक, चौराहों व मार्गों के नाम बदलने का भी प्रस्ताव पास हुआ।

दरअसल, सालभर बाद वीरवार को यह सामान्य बैठक शुरू हुई थी। पहला दिन पिछली बैठक के कार्यों की पुष्टि पर ही बीत गया। दूसरे दिन शुक्रवार को यहीं से क्रम शुरू हुआ और इसके बाद एजेंडों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान रामबाग को मोक्ष संस्था को देने का प्रस्ताव आया था। जिस पर अधिकांश पार्षद सहमत हुए लेकिन अधिकारियों ने कहा कि अभी पहले वाली संस्था की जांच चल रही है। जांच के बाद अगली मीटिंग में रिपोर्ट रखेंगे। जिसके बाद आगे का फैसला लिया जा सकेगा। इसी तरह लाल चौक का नामकरण संत शिरोमणी नामदेव करने का प्रस्ताव पास हुआ। वहीं पार्षद सचिन दलाल ने रामबाग पार्क का नाम प्राचीन शिव मंदिर पार्क रखने का प्रस्ताव रखा, जिस पर हाउस ने सहमति जता दी। पंचायती शामलात जमीन खरीदने के मुद्दे पर पार्षदों ने ऑब्जेक्शन किया और कहा कि पहले इस मामले की पूरी डिटेल ली जाए।

सामुदायिक केंद्र संस्थाओं को लीज पर दिए जाने पर पार्षद सहमत नजर नहीं आए। पार्षद रमन यादव और प्रीति राठी ने किला मोहल्ला स्थित कम्युनिटी सेंटर को लीज पर न देने का पक्ष रखा। इन्होंने कहा कि जब इस सामुदायिक भवन की बुकिंग नगर परिषद के जरिये हो रही है तो इसे संस्थाओं को क्यों दिया जाए, बंदरबांट न की जाए। इसी तरह पार्षद सत्यप्रकाश ने सेक्टर 6 और कुलदीप राठी ने सेक्टर 2 के कम्युनिटी सेंटर को लीज पर देने से इंकार किया।

हाउस ने इनका समर्थन किया। नजफगढ़ रोड का नाम बदलकर स्व. नफे सिंह राठी मार्ग करने और उनका स्मृति द्वार बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। नालों, लाइटों और प्रॉपर्टी आईडी का मुद्दा भी पार्षदों ने जोर शोर से उठाया।


बहादुरगढ़। बैठक में बजट पर चर्चा करते चेयरपर्सन, अधिकारी व पार्षद। फोटो :हरिभूमि

#### योजना भी बनाई

तमाम मुद्दों पर चर्चा के बाद वर्ष 2025-26 का इनकम और खर्च का बजट पास किया गया। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि सभी पार्षदों की सहमति से बजट पास किया गया है। बजट में प्रस्तावित ओपनिंग बैलेंस 65 करोड़ 43 लाख 72 हजार 878 रुपये रहेगा और प्रस्तावित इनकम 1,13, 20, 20,000 रुपये रहेगी। प्रस्तावित एक्सपेंडिचर 1, 12, 49, 60, 877 करोड़ रुपये तथा 31 मार्च 2026 को प्रस्तावित क्लोजिंग बैलेंस 66 करोड़ 14 लाख 32 हजार 1 रुपये रहेगा। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय साधारण बैठक में विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाने, जल निकासी के लिए नालों का निर्माण तथा नालों की मरम्मत करने, पार्कों का सौंदर्यकरण, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, बेसहारा पशुओं, डेयरी वालों पर जुर्माना लगाने, दूध निकालकर पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने सहित कई विषयों पर पार्षदों से चर्चा की गई और इसके लिए योजना भी बनाई गई है।


झज्जर। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी एवं परिजन।

# दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव कुलाना के नजदीक हुई दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए उन्हें पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। दोनों में मृतकों में से एक की पहचान जिले के गांव अहरी निवासी करीब 30 वर्षीय संदीप पुत्र रणधीर तथा दूसरे मृतक की पहचान यूपी के टांडाकलां निवासी करीब 38 वर्षीय राकेश पुत्र रतीराम के तौर पर हुई है। संदीप अविवाहित था और कुलाना क्षेत्र की एक निजी कंपनी में काम करता था जबकि राकेश शादीशुदा था और मेहनत मजदूरी का काम करता था। वह चौदह वर्षीय पुत्र का पिता था। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुलाना गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल चालकों की मौत हो गई है। जांच में सामने आया है कि पटौदी तरफ से आ रहे राकेश की मोटरसाइकिल की टक्कर से यह सड़क हादसा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में मृतक संदीप के चचेरे भाई नवीन कुमार की शिकायत पर दूसरे मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

#### कैंटीन से सामान लाने को निकला था संदीप

पुलिस को दी शिकायत में मृतक संदीप के चचेरे भाई नवीन कुमार ने बताया कि जब वह शुक्रवार को अपने घर पर मौजूद था तो सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसे अपने ताऊ के लड़के संदीप के एक्सीडेंट का पता चला। वह सुबह नौ बजे घर से सामान कुलाना कैंटीन में सामान लेने के लिए मोटरसाइकिल पर निकला था। जब संदीप कोका फाटक से कुलाना की तरफ जा रहा था तो सामने से तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। सड़क हादसे में आई गंभीर चोटों के बाद संदीप को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग में चर्चा

**झज्जर।** शुक्रवार को आगामी नीट-यूजी परीक्षा 2025 के सुचारू आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में परीक्षा केंद्रों की स्थापना, सुरक्षा व्यवस्था और छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो। केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या मीता अधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनटीए द्वारा आगामी चार मई को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिले में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे।


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी प्रदीप दहिया।


बहादुरगढ़। खुद के द्वारा बनाया गया मॉडल दिखाते बच्चे।

### प्रदर्शनी में सराहे बच्चों के मॉडल

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, कला व गणित आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने रचनात्मक और नवीन विचारों को प्रस्तुत करते हुए विभिन्न कार्यशील मॉडल प्रदर्शित किए। मुख्य अतिथि के रूप में नयागांव के प्रधान रोहताश तथा नूना माजरा के प्रधान जयभगवान ने शिरकत की। अभिभावकों और अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। प्रदर्शनी के दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत सौर ऊर्जा संचालित यंत्र, जल संचयन प्रणाली, स्मार्ट सिटी मॉडल, रोबोटिक्स प्रोजेक्ट और गणितीय अवधारणाओं को दर्शाने वाले मॉडल, जैव विज्ञान से संबंधित मॉडल, रासायनिक सूत्रों पर आधारित मॉडल, दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। निदेशिका व प्रिंसिपल ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उनकी सृजनात्मकता को भी प्रोत्साहित करती हैं।

### साइंस ओलंपियाड में छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड में सफलता हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि दूसरी कक्षा से दीपाली व संयम, चौथी से मयंक, पांचवीं से अवनी, सातवीं से कविश, आठवीं से वंदना, भूमि व हिमांशी, दसवीं से शिवम, अक्षिता, प्राची व निधि ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में कक्षा 11वीं से प्रविंद्र, साक्षी, कीर्ति, हिमांशी, नेहा और गरिमा ने गोल्ड मेडल हासिल कर सफलता प्राप्त की। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस उपलब्धि पर स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। साइंस ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

### भाषण प्रतियोगिता में आरती ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में लोकतंत्र में चुनाव का महत्त्व और राजनीति में युवाओं की भागीदारी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता में युवाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है और ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में राजनीतिक चेतना का विकास होता है। प्रतियोगिता का आयोजन राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष अशोक कुमार ने किया। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की आरती ने पहला स्थान, बीए प्रथम वर्ष के करण ने दूसरा स्थान तथा बीए तृतीय वर्ष की तारा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर जगबीर गुलिया, डॉक्टर कुलदीप और शिव शंकर ने किया।

### जसोरखेड़ी निवासी सुमित के हत्यारोपी जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** जसोरखेड़ी के निवासी सुमित की हत्या की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। आपसी रंजिश के चलते वारदात अंजाम दी गई थी। मामले में पकड़े गए तीनों आरोपी पूछताछ के बाद जेल भेज दिए गए हैं। दरअसल, 22 फरवरी को जसोरखेड़ी का निवासी सुमित अपने घर गया था लेकिन वापस नहीं आया। परिजन उसे तलाश रहे थे। इसी बीच गांव में यह खबर फैल गई कि हत्या के बाद उसका शव माइनर में फेंका गया है। फिर परिजनों के बयान पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। तीन दिन बाद सर्च अभियान के दौरान सुमित का शव व बाइक गांव के निकट माइनर से बरामद हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। दरअसल, 22 फरवरी की रात को जब सुमित घर से बाहर गया था तो उसके पास हरीश नाम के एक युवक की कॉल आई थी। पुलिस के शक की सूईं हरीश पर थी। लिहाजा पुलिस ने दबिश देनी शुरू की और हरीश को काबू कर लिया। इस दौरान मामले की परत खुल गई। हरीश के साथ नवीन और अमित नाम के दो और युवक पकड़े गए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुमित की अमित के साथ रंजिश थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

### स्व. शीला देवी को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक एवं पंडित लख्मीचन्द धर्मशाला समिति के महासचिव सतीश शर्मा की माता शीला देवी की रस्म तेरहवीं शुक्रवार को हुई। स्व. शीला देवी का 17 फरवरी को निधन हो गया था। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक व अन्य संगठनों से जुड़े लोग उनकी रस्म तेरहवीं पर उपस्थित हुए। सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की तरफ से उनके सचिव विपिन गोयल ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षा विभाग की सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक सुनीता रुहिल, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून, एसीपी ट्रैफिक दिनेश, यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार, यातायात पुलिस समन्वयक सतप्रकाश, निरीक्षक सतीश , वैश्य बीएड कालेज की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने स्व. शीला देवी को श्रद्धांजलि दी।

# झज्जर: परीक्षार्थी ने पेपर आउट किया, मामला दर्ज

- दो पर्यवेक्षकों को ड्यूटी में लापरवाही के कारण किया कार्यभार मुक्त

हरिभूमि न्यूज. झज्जर



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाओं के तहत शुक्रवार को दसवीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान राजकीय वमावि डावला-01 परीक्षा केंद्र पर पेपर आउट हो गया। पेपर आउट होने की सूचना मिलने पर विभाग हरकत में आ गया और जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ता की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर पेपर वायरल करने वाले परीक्षार्थी को पकड़ लिया और उसके खिलाफ केंद्र अधीक्षक को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। केंद्र अधीक्षक द्वारा संबंधित परीक्षार्थी के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया गया। वहीं दो पर्यवेक्षकों को ड्यूटी में लापरवाही के कारण कार्यभार मुक्त कर दिया गया। उधर, एक परीक्षा केंद्र पर चोट लगने के कारण असमर्थ परीक्षार्थी ने कार में बैठकर परीक्षा दी। सीताराम गेट निवासी यह परीक्षार्थी शहर के एक निजी स्कूल का छात्र है।

# कोसली बाईपास स्थित कॉलोनी में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को टाउन एंड प्लानिंग डिपार्टमेंट द्वारा शहर के कोसली बाईपास के नजदीक एक कॉलोनी में बने अवैध निर्माण व सड़क नेटवर्क को ध्वस्त किया गया है। डीटीपी मनीष दहिया ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं एक्सईएन कैलाश भारद्वाज व सिटी थाना एसएचओ की पुलिस टीम के साथ मिलकर बाईपास स्थित कॉलोनी में डेमो ड्राइव चलाया गया। कॉलोनी में अवैध रूप से किए सड़क नेटवर्क व सरंचनाओं को जेसीबी द्वारा ध्वस्त किया।बताया कि उनका ये अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उधर, जिला प्रशासन ने बेरी तहसील में भू-माफियाओं द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संबंधित खसरा नंबरों पर जमीन की बिक्री व खरीद पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। जिला नगर योजनाकार द्वारा पत्र के अनुसार बेरी खास गांव में में बगैर लाइसेंस/सीएलयू/एनओसी के अवैध कॉलोनी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है।


झज्जर। अवैध निर्माण ढहाने में जुटी जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## संस्कारम् विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

# वर्तमान युग की जरूरत नवाचार: डॉ. महिपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने शोध और नवाचारों के माध्यम से विज्ञान, कृषि, वाणिज्य, योग और तकनीकी से संबंधित विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पर्यावरण विज्ञान और रोबोटिक्स से जुड़े अपने अभिनव मॉडलों को दर्शाया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल जल शुद्धिकरण प्रणाली, स्मार्ट कृषि तकनीक और मानव सहायक रोबोट ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। बीटेक के विद्यार्थियों ने ड्रोन तकनीक पर अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत की, जिसमें ड्रोन निर्माण, उनकी कार्यप्रणाली और तकनीकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर सैमसंग कंपनी के डायरेक्टर डॉक्टर एसके सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। प्रदर्शनी अवलोकन कर उनकी वैज्ञानिक सोच और नवाचार की दिशा में किए गए प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट्स केवल प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहने चाहिए बल्कि इन्हें वास्तविक जीवन में लागू करने के लिए विश्वविद्यालय और उद्योग जगत को मिलकर कार्य करना चाहिए। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि आज का युग विज्ञान और नवाचार का युग है।



झज्जर। प्रदर्शनी का अवलोकन करते चांसलर डॉक्टर महिपाल। फोटो :हरिभूमि

#### प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया

संस्कारम् विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विज्ञान क्षेत्र में आगे बढ़कर नए प्रयोग कर रहे हैं, जो अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नवाचार वर्तमान युग की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के लिए कृषि, वेटरनरी और साइबर लॉ के क्षेत्र में सुनहरे अवसर उपलब्ध हैं। इन क्षेत्रों में अधिक जॉब संभावनाएं भी हैं। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ परियोजनाओं को सम्मानित किया गया और विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

### डेढ़ लाख रुपये की नकदी व जेवर चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए में दिन दहाड़े चोरों द्वारा घर से नकदी व आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। यह घटना उस समय हुई जब महिला अपनी पुत्री को अकेडमी में छोड़ने के लिए गई थी। पुलिस को दी शिकायत में भतेरी पत्नी वीरेंद्र ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह करीब दस बजे अपनी पुत्री तनीषा को अकेडमी में छोड़ने के लिए गई थी। वह जाते समय अपने घर पर ताला लगाकर भी गई थी लेकिन जब वापिस घर लौटी तो उसके दरवाजा का ताला टूटा हुआ मिला। जब उसने अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी भी खुली पड़ी थी। उसने जब सामान का जायजा लिया तो अलमारी में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी व दो जोड़ी चांदी की पायजेब नहीं मिली। भतेरी ने बताया कि उसकी एक लड़की की शादी थी जिसके बाद लोगों का हिसाब-किताब करने के लिए उसने रुपये रखे थे। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।